# पाठ - 14

# कहाँ से आया,किसने पकाया

## कहाँ से आया,किसने पकाया

**Q1. दोनों परिवारों में कौन किस तरह के काम कर रहा है?**

**उत्तर :**

| वेणु का परिवार | रानी का परिवार |
|---|---|
| वेणु की माँ खाना पका रही है और पिताजी झाड़ू लगा रहे हैं। | रानी की माँ खाना पका रही है। |
| माँ, पिताजी और वेणु खाना खा रहे हैं। | रानी अपने पिताजी और भाई को खाना परोस रही है। |
| वेणु की माँ और पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं और वेणु साईकिल चला रही है। | रानी और उसकी माँ काम कर रही है। उसके पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं। |

**Q2. क्या तुम्हारा परिवार इन दोनों में से किसी एक परिवार जैसा है? यदि हाँ तो किसके जैसा? तुम्हारा परिवार उस । परिवार से कैसे मिलता है?**

**उत्तर :** मेरा परिवार वेणु के परिवार से मिलता है। हमारे परिवार के सभी सदस्य मिलजुल कर काम करते हैं। सभी साथ में खाना खाते हैं।

**Q3. क्या तुम्हारे घर में सब एक साथ खाना खाते हैं? यदि नहीं तो क्यों?**

**उत्तर :** मेरे परिवार के सभी लोग एक साथ मिलकर खाना खाते हैं।

**Q4. सबसे आखिर में खाना कौन खाता है?**

**उत्तर :** कोई नहीं, हमलोग हमेशा साथ में खाने की कोशिश करते हैं।

**Q5. खाना पकाने में कौन मदद नहीं करता और क्यों?**

**उत्तर :** मैं खाना पकाना नहीं जानता हूँ। इसलिए मैं मदद नहीं करता हैं।

**Q6. तुम्हारे घर में और तुम्हारे एक दोस्त के घर में तालिका में दिए गए काम कौन करता है-पता लगाओ और लिखो। कुछ और काम तालिका में जोड़ो।**

**उत्तर :**

| काम | कौन करता है | |
|---|---|---|
| | तुम्हारे घर में | तुम्हारे दोस्त के घर में |
| खाना बनाना | माँ | माँ |
| बाजार से सामान खरीदना | माता-पिता | माता-पिता |
| झाड़ू लगाना | माँ | माँ और बहन |
| बर्तन साफ करना | काम वाली | काम वाली |
| पानी भरना | स्वयं | पिता |
| पढ़ना | सभी लोग | सभी लोग |
| खेलना | मैं और मेरी बहन | दोस्त और उसका भाई |

**Q7. घर में ज्यादा काम कौन करता है?**

**उत्तर :** तुम्हारे घर में---मेरी माँ दोस्त के घर में----दोस्त की माँ

## जो खाया,कहाँ से आया

**Q1. नीचे कुछ खाने-पीने की चीजों के नाम लिखे हैं। जो चीजें हम पेड़-पौधों से लेते हैं उन पर हरे रंग से O लगाओ। जो चीजें हमें जानवरों से मिलती हैं उन पर लाल रंग से O लगाओ। खाली जगह में कुछ नाम तुम भी जोड़ो।**

**उत्तर :**




**Q2. जब तुम बीमार होते हो तो क्या पेड़-पौधों से मिलने वाली चीजों को दवाई के रूप में लेते हो? कब कौन-सी चीज लेते हो|**

(i)चोट लगने पर .................

(ii)पेट दर्द होने पर.......................

(iii)खाँसी के लिए.....................

(iv)दाँत दर्द होने पर ........................

**उत्तर :**


(i)चोट लगने पर : हल्दी, दूध

(ii)पेट दर्द होने पर : सौंठ और अजवाइन पानी में मिलाकर

(iii)खाँसी के लिए : तुलसी, अदरक और लौंग

(iv)दाँत दर्द होने पर : लौंग का तेल

**Q3. हर चीज के लिए सही टोकरी चुनो।**




**उत्तर :** स्वयं करें।